## खबर संक्षेप

### आधार फाउंडेशन में मनाया गया विश्व स्वलीनता दिवस

**छिंदवाड़ा।** दिव्यांग बच्चों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में मंगलवार 2 अप्रैल को विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विश्व स्वलीनता दिवस मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छिंदवाड़ा मेडिकल कालेज डीन डॉक्टर जी. बी. रामटेके उपस्थित रहें वहीं अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर समाज सेवी दीपक राज जैन ने की।इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में डॉ. तुसार ताल्हन सहायक प्राध्यापक मनोचिकित्सक मेडिकल कालेज, पंचलाल चंद्रवंशी प्रशासनिक अधिकारी जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र, डॉ. शिवांगी पांडे एम. एस, डॉ. मनोज किंकर एम. डी, डॉ. सर्वोत्तम सिंह ठाकुर अध्यक्ष जिला फिजियोथैरिपी संघ सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे अभी का आधार फाउंडेशन की ओर से संस्थापक महेश किंथ एवं संचालिका सरिता पांडे सहित दिव्यांग बच्चों ने बैच लगाकर अभिनंदन किया।

### सेन समाज का होली मिलन समारोह 4 को

**छिंदवाड़ा :** सेन समाज छिंदवाड़ा के तत्वावधान में होली मिलन समारोह दिनांक 4/4/2024 दिन गुरुवार को समय 4 बंजे स्थानीय सेन समाज भवन प्रांगण में मनाया जायेगा।यह जानकारी देते हुए जिला युवा अध्यक्ष हेंमत बंदेवार ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सेन समाज होली मिलन समारोह समाज के सभी समाजिक वरिष्ठ बंधुओ व समाजिक रिति रिवाज व हर्षोल्लास के मनाने का निर्णय लिया गया है।इस अवसर पर सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंदेवार व जिला अध्यक्ष सागर बंदेवार,प्रदेश युवा अध्यक्ष अंकित बंदेवार, वरिष्ठ संरक्षक परसराम बंदेवार, मुकेश सराठे, जगदीश श्रीवास, देवकरण बोरकर,सेवकराम बंदेवार, राजकुमार सराठे, प्रदेश महासचिव नीरज सेन,शैलुन ऐशोशियन अध्यक्ष बंटी श्रीवास,नगर अध्यक्ष चंदन बंदेवार,पवन बंदेवार,मिलन सराठे ,प्रमोद बंदेवार, विक्रम बंदेवार मौजूद रहे।

## कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को नोटिस, कलेक्टर ने किया खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण

# कृषकों को फसल विक्रय में ना हो कोई असुविधा:कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा



रबी वर्ष 2023-24 (विपणन वर्ष 2024-25) के अंतर्गत छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में चना, मसूर, सरसों उपार्जन के लिए कुल 16 उपार्जन केन्द्र और गेंहूँ उपार्जन के लिए कुल 85 केन्द्र बनाए गए हैं। इन फसलों के उपार्जन का कार्य का प्रारंभ हो गया है जिसकी जमीनी स्थिति का जायजा लेने कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज अनुविभाग चौरई के अंतर्गत उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया और खरीदी की व्यवस्थाएं देखीं। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा औचक निरीक्षण की सूचना मिलते ही उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, ज़िला आपूर्ति अधिकारी श्री ए.के. कुजूर, महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक श्री ए.के.जैन, वेयरहाउस की ज़िला प्रबन्धक श्रीमती मंजू चौरे, ज़िला विपणन अधिकारी श्रीमती शिखा सरेयाम, एसडीओ कृषि श्री नीलकंठ पटवारी, एस.ए.डी.ओ. कृषि श्रीमती श्रध्दा डेहरिया व तहसीलदार श्री राजेंद्र टेकाम सहित जिला उपार्जन समिति के सदस्य और संबंधित अधिकारी भी उपार्जन केन्द्र पहुंचे।

इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने अनुविभाग चौरई के अंतर्गत पटेल वेयर हाउस पलटवाड़ा में सरसों खरीदी केन्द्र, लिखड़ी खटकर में भारद्वाज वेयर हाउस में गेहूं खरीदी केन्द्र, श्री ठाकुर वेयर हाउस बरेलीपार में गेहूं खरीदी केंद्र और तहसील चांद के एस.ईश्वर वेयरहाउस पांजरा का आकस्मिक निरीक्षण किया । उन्होंने खरीदी केंद्रों में समुचित व्यवस्थाएं नहीं मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और कृषकों के लिए छाया, पेयजल, बैठक आदि की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, खराब तौल कांटे अविलंब ठीक कराने, छन्ने की व्यवस्था सहित खरीदी के लिए किसानों की सुविधा का ध्यान रखते हुए सभी व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित करते हुए खरीदी का कार्य सुचारू करने के सख्त निर्देश दिए।

गेंहू उपार्जन कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी चौरई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए हैं। तहसील चांद के एस.ईश्वर वेयरहाउस पांजरा के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयर हाउस को मेंटेन करने, सफाई-पुताई कराने और खरीदी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने किसानों को सूचना नहीं होने की जानकारी संज्ञान में आने पर उपार्जन प्रारंभ होने की सूचना मुनादी द्वारा सभी गांवों के किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा फसल की सफाई और ग्रेडिंग के लिए निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त कृषकों से किसी तरह की अतिरिक्त राशि लेने की जानकारी संज्ञान में आने पर संबंधित के विरुध्द कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जिले के सभी पंजीकृत किसानों से अपील की गई है कि किसान अपना स्लॉट बुक करके सुविधानुसार अपनी उपज का विक्रय करें।

## समय सीमा की बैठक में थे अनुपस्थित

# तीन अधिकारियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा समय सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर 3 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिनों के भीतर जिला कार्यालय में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं । समयावधि में जबाव प्रस्तुत नहीं करने अथवा जबाव संतोषजनक नहीं पाये जाने पर संबंधित अधिकारी के विरूध्द अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री गौरीश बारमाटे, शासकीय महिला पोलिटेक्निक महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री एस.एस.बघेल और परियोजना निर्देशक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण श्री संजय शर्मा गत दिवस संपन्न समय सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में स्वयं उपस्थित नहीं हुये और न ही उनके द्वारा बैठक में अनुपस्थित रहने के लिये पूर्व से कोई अनुमत्ति प्राप्त की गई। संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण टी.एल. बैठक में उनके कार्यालय से सबंधित टी.एल. पत्रों की समीक्षा नहीं हो पाई।

इस सबंध में कई बार लिखित व मौखिक निर्देश सभी विभाग प्रमुखों को दिये जा चुके हैं कि प्रत्येक सोमवार को समयावधि पत्रों की बैठक आयोजित की जाती है जिसमें सभी विभागों के विषयों पर समीक्षा की जाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये जाते हैं, इसलिये कोई भी जिला स्तरीय अधिकारी समय-सीमा की बैठक के दिन बिना अनुमति के अनुपस्थित अथवा मुख्यालय से बाहर नहीं रहेगा ।


# आयुक्त ने किया जेल बगीचा का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

1 अप्रैल को नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा जेल बगीचा स्थित सब्जी मंडी का निरीक्षक किया गया। इस सब्जी मंडी में तहसील कार्यालय एवं पानी टंकी के पास स्थित सब्जी एवं फल विक्रेताओं को विस्थापित कर शेड बनाकर स्थान दिया गया है। इस सब्जी मार्टेक में आयुक्त ने पार्किंग में लगी दुकानों को शेड में लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निरीक्षण में आयुक्त ने पाया कि मार्केट में कब्जा करने की मंशा से खाली गुमठिया भी रखी गई है जिन पर व्यवसाय नही हो रहा था। आयुक्त ने तत्काल ही ऐसे कब्जे एवं गुमठियो को हटाने के निर्देश दिए , जिस पर निगम अमले द्वारा देर शाम तक तक कार्यवाही की। आयुक्त ने शिफ्ट ने अनुसार कर्मचारियों को सब्जी बाजार में उपस्थित रहने एवं पर्याप्त व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

# स्वास्थ्य अमले ने पकड़े 5 आवारा पशु



**छिंदवाड़ा।** निगमायुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा शहर में आवारा पशुओं को पकड़ने के निर्देश दिए गए है। जिसके पालन में निगम अमले द्वारा प्रतिदिन कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मालवी के निर्देशन में दल द्वारा परासिया रोड में यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे आवारा पशुओं को पकड़कर इन्हे कांजी हाउस में सुरक्षित रखा गया। इस कार्यवाही में प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मालवी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# होम वोटिंग एवं ईडीसी द्वारा मतदान प्रक्रिया के संबंध में मतदान दलों का प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अनुपस्थित मतदाताओं में 85 वर्ष या अधिक के एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग सुविधा का लाभ देने और निर्वाचन कार्य में संलग्न शासकीय सेवकों को ईडीसी द्वारा मतदान प्रक्रिया के संबंध में मतदान दलों का प्रशिक्षण आज छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर श्री राजेंद्र ठाकुर द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से दिया गया। प्रशिक्षण कार्य का औचक निरीक्षण सीईओ जिला पंचायत एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा छिंदवाड़ा श्री पार्थ जैसवाल और अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.सी. बोपचे द्वारा भी किया गया। प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी पीबी-ईडीसी श्री राहुल कुमार पटेल के साथ ही सभी सेक्टर ऑफिसर और मतदान कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा के अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए गठित कुल 76 मतदान दलों द्वारा प्रथम भ्रमण 05 से 07 अप्रैल की अवधि में किया जाएगा। इसमें यह दल होम वोटिंग सुविधा का चयन करने वाले 85 वर्ष एवं अधिक के और दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। प्रत्येक मतदान दल में एक मतदान अधिकारी, माइक्रो ऑब्जर्वर, सुरक्षा कर्मी, वीडियोग्राफर, बी.एल.ओ. और बी.एल.ए. शामिल किए गए है।

## रामगढ़ी के किसान के स्वागत के साथ ही एमपीडब्लूसी वेयरहाउस में समर्थन मूल्य पर चना ख़रीदी प्रारंभ

**छिंदवाड़ा।** ज़िले के एमपीडब्लूसी वेयरहाउस में आज से समर्थन मूल्य पर चना ख़रीदी प्रारंभ हो गई है । इस दौरान ग्राम रामगढ़ी के किसान श्री देवेन्द्र रघुवंशी का उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, ज़िला आपूर्ति अधिकारी श्री ए.के.कुजूर, जीएमसीसीबी श्री ए.के.जैन, वेयरहाउस की ज़िला प्रबन्धक श्रीमती मंजू चौरे, ज़िला विपणन अधिकारी श्रीमाती शिखा सरेयाम, एसडीओ कृषि श्री नीलकंठ पटवारी और एसएडीओ कृषि सुश्री श्रध्दा डेहरिया द्वारा स्वागत किया गया और 13 क्विंटल चने की ख़रीदी की गई ।

## छिंदवाड़ा में मतदाता जागरूकता वाहन रैली का आयोजन आज

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला चायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत 3 अप्रैल को पुलिस ग्राउंड छिंदवाड़ा में मतदाता जागरूकता वाहन रैली का आयोजन किया गया है । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह की उपस्थिति में यह विशाल वाहन मतदाता जागरूकता रैली शाम 4:30 बजे से प्रारंभ होगी जिसका समापन कलेक्ट्रेट के सामने वाले ग्राउंड पर होगा। विकासखंड छिंदवाड़ा के नोडल अधिकारी स्वीप ने आयुक्त नगरपालिक निगम के साथ ही विकासखंड छिंदवाड़ा के सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों, सभी महाविद्यालयों के प्रचार्यों, सभी शासकीय/अशासकीय प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यो/प्रधान पाठकों से अनुरोध किया है कि विकासखंड छिंदवाड़ा के सभी कर्मचारियों, शिक्षकों और स्वीप एंबेसेडरों को इस मतदाता जागरूकता वाहन रैली में उपस्थित होने के लिये निर्देशित करें । उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों और शहर के मतदाताओं से अपील की है कि सभी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर रैली को सफल बनायें।

# कलेक्टर ने किया मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण

### मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज चौरई विधानसभा के अंतर्गत मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और मतदाताओं के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केंद्र क्रमांक-116 शासकीय प्राथमिक शाला भवन पांजरा, मतदान केंद्र क्रमांक-120 शासकीय प्राथमिक शाला भवन बाड़ीवाड़ा और पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांद में बनाए गए 2 मतदान केंद्र क्रमांक-128 व 129 का औचक निरीक्षण किया और दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की उपलब्धता, रैंप, छाया, मतदान कक्ष में दो दरवाजे, रोशनी, पेयजल, मतदान केंद्र से संबंधित सभी जानकारी का मतदान केंद्र के बाहर लेखन आदि व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मतदान केंद्र क्रमांक-116 शासकीय प्राथमिक शाला भवन पांजरा के निरीक्षण के दौरान रैंप का स्लोप व्हील चेयर के अनुसार उचित नहीं पाए जाने पर सुधारने के निर्देश दिए हैं। पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांद के निरीक्षण के दौरान संस्था के प्राचार्य के अनुपस्थित रहने और सूचना देने के उपरांत भी तहसील कार्यालय चांद में आयोजित बैठक में भी उपस्थित नही होने पर उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान एसडीएम चौरई श्री प्रभात मिश्रा और तहसीलदार चांद श्री इंद्रसेन तुमराली और संबंधित मतदान केंद्रों के बी.एल.ओ.उपस्थित थे।

**एस.एस.टी जांच नाका चांद का औचक निरीक्षण**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान फील्ड में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने और अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेंद्र सिंह द्वारा एसएसटी दल, एफएसटी दल और वी.एस.टी. दलों की नियुक्ति की गई है।

## विभिन्न अनियमिततायें पाये जाने पर 4 संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा म.प्र. लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत अधिनियम के सुचारू क्रियान्वयन व संचालन में आर.एफ.पी. के प्रावधानों के अनुसार लोक सेवा केन्द्र का सुचारू रूप से संचालन नहीं करने व विभिन्न अनियमिततायें पाये जाने पर यह कृत्य अनुशासनहीनता व अव्यवस्थाओं का द्योतक होने पर 4 लोक सेवा केन्द्रों के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिनों के भीतर जिला कार्यालय में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं । समयावधि में जबाव प्रस्तुत नहीं करने अथवा जबाव संतोषजनक नहीं पाये जाने पर प्रकरण में एक पक्षीय निर्णय लिया जाकर संबंधित के विरूध्द कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि लोक सेवा प्रबंधन के जिला प्रबंधक द्वारा गत दिनों किये गये निरीक्षण के दौरान विभिन्न अनियमितता पाई जाने पर लोक सेवा केन्द्र छिंदवाड़ा (नगरीय) की संचालक श्रीमती अर्चना गुप्ता, लोक सेवा केन्द्र मोहखेड़ के संचालक श्री वीरेन्द्र कुमार डोले, लोक सेवा केन्द्र छिंदवाड़ा (ग्रामीण) के संचालक श्री नीलेश कुमार नेमा/प्रो.ओम ऑटो गैलरी और लोक सेवा केन्द्र बिछुआ के संचालक श्री जितेन्द्र काले/प्रो.एस.आर.म.प्र. को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## चांद नगर में लोकतंत्र की मोटर साईकल रैली संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी (स्वीप) श्री पार्थ जैसवाल, सहायक नोडल अधिकारी (स्वीप) एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र श्री जे.के.इडपाचे, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम चौरई श्री प्रभात मिश्रा और विकासखण्ड स्वीप नोडल अधिकारी जनपद शिक्षा केन्द्र चौरई श्री विजय पवार के मार्गदर्शन में चांद नगर में लोकतंत्र की मोटर साईकल रैली संपन्न हुई । स्वीप प्रभारी श्री राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान लिये ₹चुनाव का पर्व-देश का गर्व₹ कार्यक्रम के अंतर्गत चाँद नगर में भ्रमण के लिये मोटर साईकल रैली को तहसीलदार चाँद श्री इन्द्रसेन तुमराली, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चौरई श्री राधेश्याम चौधरी और मास्टर ट्रेनर श्री राजकुमार रघुवंशी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया ।

# आयुक्त ने देखी शहर की सफाई व्यवस्था

### कर्मचारियों को दिए व्यवस्था सुधारने की निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा आयुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा लगातार मैदानी अमले की निगरानी एवं निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में निगमायुक्त मंगलवार प्रातः शहर की सफाई व्यवस्था देखने निकले। उन्होंने शहर के मुख्य व्यवसायिक क्षेत्र गांधीगंज, शनिचरा बाजार, चार फाटक, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स क्षेत्र एवं राजीव गांधी बस स्टेंड का भ्रमण किया। इस दौरान आयुक्त ने कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। आयुक्त ने कर्मचारियों को झाड़ू लगाने के बाद लगने वाली कचरे की ढेरियों को झाड़ू लगाने के तुरंत बाद हटाने के निर्देश दिए । इसके बाद आयुक्त ने जामुनझिरी स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का निरीक्षण किया तथा यहां उन्होंने सभी सफाई मशीनों एवं कचरा प्रथ्थककरण इकाइयों के संचालन के निर्देश दिए। दोपहर को नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने जोन 2 जगन्नाथ स्कूल जोन के सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण एवं मतदान केंद्रों में दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन किया। आयुक्त जोन 2 के सभी मतदान केंद्रों को देखा एवं छूटे हुए मतदान केंद्रों में रैंप, सीढ़ी, सफाई एवं विद्युत व्यवस्था को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इन दिनों निगमायुक्त लागतार मतदान केंद्रों का भ्रमण कर रहे है एवं लोकसभा चुनावों से संबंधित व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश कर्मचारियों को दे रहे है। आयुक्त के भ्रमण के दौरान जोनल अधिकारी ब्रजेश पांडे सहित सबंधित वार्ड के उपयंत्री उपस्थित रहे।

## “एक चर्चा व्यापारियों के साथ“ कार्यक्रम में 30 से अधिक व्यापारिक संगठनों ने की शिरकत

# ये बदलता दौर है, अब 45-45 साल के मौके नहीं दिए जाएंगे: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा




छिंदवाड़ा के व्यापारियों और प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ये बदलता दौर है, अब 45-45 साल मौके नहीं दिए जाएंगे। छिंदवाड़ा का बेटा विवेक बंटी साहू जब संसद में मोदी जी के साथ बैठेगा, तो आपका-हमारा सबका सीना 56 इंच का हो जाएगा। शहनाई लॉन में आयोजित “एक चर्चा व्यापारियों के साथ“ कार्यक्रम में प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री सह क्लस्टर प्रभारी श्री कैलाश विजयवर्गीय, लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, लोकसभा प्रभारी नरेश दिवाकर, पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह, वरिष्ठ व्यापारी सुरेश अग्रवाल समेत विभिन्न व्यापारिक संगठन-एसोसिएशन, स्वतंत्र व्यापार से जुड़े व्यापारी बंधु एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे। इस दौरान प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहां कि बड़े आश्चर्य की बात है कि नागपुर से सीमावर्ती छिंदवाड़ा जिले में एक अदद 5 हज़ार मज़दूर क्षमता वाला कारखाना तक नहीं है। हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज के लिए भी लम्बा इंतज़ार करना पड़ा है। लेकिन जब छिंदवाडा में कमल खिलेगा, तब प्रदेश सरकार और स्वयं मुख्यमंत्री छिंदवाड़ा के विकास के लिए कदम से कदम मिलाकर साथ काम करेंगे। छिंदवाड़ा को सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल भी मिलेगा, एग्रीकल्चर और हार्टिकल्चर कॉलेज भी बनेगा। प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहां कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के नागरिकों की क्रय क्षमता बढ़ाने का कार्य किया। जिससे देश आज विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। 2014 में प्रधानमंत्री मोदी जी ने संसद में कहा था ये सरकार गरीबों की सरकार है, जो वैश्विक स्तर तक देश को स्थापित करने का काम करेगी। आज देश-विदेश की आर्थिक सर्वेक्षण एजेंसियां अनुमान बता रही है कि वर्ष 2030 तक भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 देश की आज़ादी के 100 वर्ष पूरे होने पर अमेरिका-चायना से भी आगे निकालकर सबसे ताकतवर देश होगा।

आयोजित कार्यक्रम में सराफा एसोसिएशन, कपड़ा एवं होजरी एसोसिएशन, टेंट एसोसिएशन, पेट्रोल पंप एसोसिएशन, इलेक्ट्रॉनिक एसोसिएशन, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, सीमेंट एवं लोहा एसोसिएशन, फटाका व्यापारी एसोसिएशन, भवन निर्माता संगठन, एमआर एसोसिएशन, होटल रेस्टोरेंट एसोसिएशन आदि संगठनों के लोगों ने भाग लिया।

### निगम सभाकक्ष में आयुक्त ने ली महत्वपूर्ण बैठक

# खाते होल्ड करने 41 बैंकों को भेजे गए पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सोमवार को नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने निगम सभाकक्ष में अधिकारी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। जिसमे निगमायुक्त ने कर्मचारियों को निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत 193 बी०एल०सी० हितग्राहियों व्दारा प्रथम किश्त प्राप्त करने के बावजूद भी आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नही किया गया है जिसके अंतर्गत उनके खाते होल्ड करने हेतु 41 बैंको को पत्र भेजे गये किन्तु कितने हितग्राहियों के खाते होल्ड किये गये है, की जानकारी अप्राप्त है। अतः होल्ड करने हेतु 41 बैंकों में जाकर खाते होल्ड कर सरेण्डर की कार्यवाही हेतु नस्ती प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किये गये। बी०एल०सी० के आवास प्रारंभ करने, अपूर्ण आवासों को प्रारंभ कराने की कार्यवाही की रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। लोकसभा




निर्वाचन-2024 अंतर्गत रैम्प, शौचालय की स्थिति, सफाई, विद्युत संबंधी व्यवस्था, खिड़की दरवाजो की स्थिति, छत की स्थिति, पेयजल, बाउन्ड्रीवाल आदि का निरीक्षण कर पाई गई कमियों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश आयुक्त द्वारा बैठक में दिए गए। दिनांक 19 अप्रैल 2024 को मतदान होना है, अतः नगरीय क्षेत्र के 191 मतदान केन्द्रों में मतदान दल दिनांक 18 अप्रैल 2024 को सुबह ही अपने मतदान केन्द्रों में पहुँच जायेंगे। अतः मतदान केन्द्रों में पेयजल, उपयोग हेतु टैंकर का पानी की व्यवस्था पूर्ण कराये, चाय नाश्ता व भोजन समय पर प्रदाय करने वाली एजेंसी / व्यक्ति की जानकारी मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराये, पेयजल समाप्त होने की स्थिति में आधे घंटे के अंदर पुनः केन रिफलिंग हेतु व्यवस्था करने के निर्देश बैठक में दिए गए।ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ हो चुकी है ऐसे समय में फिल्टर प्लांटों से जलापूर्ति सुचारू पूर्वक हो एवं किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, इस हेतु अतिरिक्त मोटर, स्टार्टर एवं ऐसी सामग्री जो जलप्रदाय में आवश्यक हो को स्टैण्डबाय रखने के निर्देश आयुक्त ने दिए। इसके साथ ही आयुक्त ने सीएम हेल्पलाइन, कलेक्टर समय सीमा प्रकरण सहित निगम टीएल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की एवं समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त एवं कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली सहित सभी शाखा प्रमुख एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शासकीय स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर प्रवेश उत्सव मनाया

**जुन्नारदेव:** शासकीय स्कूलों के नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर को प्रवेश उत्सव के रूप मे मनाया गया। प्रवेश उत्सव के मौके पर शासकीय स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूलों को खासतौर से सजाया गया। स्कूलों में छात्र-छात्राओं के पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया ।हालांकि स्कूल खुलने के साथ ही पहले दिन अधिकांश स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति कम थी जो आने वाले दिनों में बढ़ जाएगी। स्कूलों में बच्चों के नए एडमिशन भी शुरू हो गए हैं। विकासखंड भर के सभी स्कूलों में विशेष व्यवस्थाएं रखी गई हैं। शासकीय बापू एकीकृत शाला में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शशिरानी वर्मा आराधना भारती, मंजीत कौर ,विमला मोहबे, भावना झरबड़े पलक कृष्णा डेहरिया,कमला बरेठिया राजकुमारी ने बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर स्वागत किया गया।



## परिवार की महत्वता और परिवार किसे कहते हैं पर दिए प्रवचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

वर्तमान में परिवार का महत्व खत्म होता जा रहा है किंतु परिवार सदैव ही आवश्यक रहा है परिवार घर के सभी सदस्यों से मिलकर बनता है और परिवार में एक दूसरे के सुख-दुख का विशेष ध्यान रखा जाता है ईश्वर ने भी संयुक्त परिवार को ही श्रेष्ठ बताया है जहां परिवार का महत्व सार्थक होता है वही देवताओं का वास होता है। उक्त आशय के उद्गार नगर के वार्ड क्रमांक 4 गायत्री मंदिर परिसर में चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को भागवत आचार्य पंडित अमित कृष्ण महाराज वृंदावन धाम द्वारा व्यक्त किए गए आगे उन्होंने सुखदेव चरित्र की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि शुकदेव महाभारत काल के मुनि थे। वे वेदव्यास के पुत्र थे। वे बचपने में ही ज्ञान प्राप्ति के लिये वन में चले गये थे। इन्होने ही परीक्षित को श्रीमद्भागवत पुराण की कथा सुनायी थी। शुकदेव ने व्यास जी से महाभारत पढा था और उसे देवताओ को सुनाया था। ये बाल्यावस्था अवस्था में ही ब्रह्मलीन हो गये थे।

# शिवजी की निकली बारात, जमकर नाचे भूत पिशाच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के वार्ड क्रमांक 4 गायत्री मंदिर परिसर में गोविंद साहू परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा के तीसरे दिन पंडित अमित महाराज वृंदावन धाम द्वारा शिव विवाह की कथा का बखान किया गया इस दौरान उन्होंने भगवान शिव और माता पार्वती के दुर्लभ विवाह की कथा सुनाई विवाह के दौरान भगवान शिव और माता पार्वती के स्वरूप में झांकी निकाली गई भगवान शिव की बारात बैंड बाजे के साथ मंडप स्थल पर प्रवेश कराई गई जिसमें भूत पिशाच झूमते नजर आए भागवत कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से किया जा रहा है साहू समाज ने नगर की समस्त धर्म प्रेमी जनता से भागवत कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।भागवत कथा स्थल पर प्रतिदिन सुबह 5 से 7 एवं शाम 5 से 7 बजे पतंजलि योग शक्तिपीठ द्वारा स्थानीय रहवासियों के उत्तम स्वास्थ्य हेतु योग प्राणायाम भी कराया जा रहा है पतंजलि योग शक्तिपीठ ने इस योग कार्यक्रम में नगर वासियों से अपनी उपस्थिति देने का आग्रह किया है।

### भाजपा संगठन की हो रही है वार्ड में निरतर बैठकें



**सौंसर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व और संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर तक पहुचाने हमें लोकसभा चुनाव में भाजपा संगठन को जीत दिलाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी के साथ में कार्य करना है। चुनाव में जीत संगठन के द्वारा जिन लोगों पर बूथों ओर कार्यकर्ताओ के माध्यम से हमे मिलेगी, संगठन में जिन कार्यकर्ताओं को बूथों की जिम्मेदारी सौंप गई है।उनकी जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र में मतदान हो।सभी कार्यकर्ताओं ने जिले ओर सौसर क्षेत्र के विकास के लिए संकल्प लेकर काम करना चाहिए। उपरोक्त उदद्गार सौसर नगर के वार्ड क्रमांक 10 में कार्यकर्ताओं की बैठक में जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड,भाजपा नेता मोरेश्वर मसकोले ने व्यक्त किये।बैठक में नगर अध्यक्ष दर्शन झाड़े नगर महामंत्री नरेंद्र कुकडे,परसराम राणेहरीश बत्रा, दिनेश भकने, संगीता बर्व,श्रीमती शितल हेड़ाऊ ,दिलीप हेडाऊ, रामकृष्ण राऊत आदि थे।

# पति की हत्या के आरोप में पत्नि सहित दो आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

4 अप्रैल 2024 को अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 13/2019 में निर्णय पारित करते हुए आरोपीगण दुर्गेश पिता शिव शंकर, निवासी कच्ची खानी थाना जुन्नारदेव इतरेश पिता रामकिशन इरपाची निवासी ग्राम धाधरा थाना जुन्नारदेव,जिला छिंदवाड़ा एवं ममता पति नरेश यादव निवासी माता कोंडरू हनोतिया थाना जुन्नारदेव को मृतक नरेश की हत्या का दोषी पाते हुए धारा 302 भादवी के तहत आजीवन कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थदंड से एवं धारा 201 भादवी के तहत 3 साल का कारावास एवं 1000 का जुर्माना से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है। अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की घटना का विवरण इस प्रकार है कि थाना जुन्नारदेव अंतर्गत ग्राम माता कोंडरू हनोतिया में मढ़ई मेला देखने गए नरेश यादव का शव दिनांक 19/11/2018 को करीब शाम 5:00 बजे यशोदा साहू के खेत में मकोई की झाड़ी में संदिग्ध अवस्था में मिला था नरेश यादव आरोपिया ममता का पति था जिसके चेहरे पर चोट के निशान थे एवं गला दबाने के निशान मौजूद थे जिसमें पुलिस द्वारा मर्ग क्रमांक 89 /2018 दर्ज कर जांच किया गया एवं अपराध सदर पाए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया सघन मर्ग जांच कर अपराध पाए जाने पर विवेचना प्रारंभ की गई प्रकरण में अभियोजन के द्वारा कुल 14 साक्षी परीक्षित कराए गए जिनके आधार पर अपराध सिद्ध पाए जाने से आरोपीगण को दोष सिद्ध करते हुए धारा 302 भा.द.वि. में आजीवन करावास एवं 1000 रूपए का अर्थ दंड से दंडित किया है।


### जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बने सुभाष आमने

**पारडिसंगा।** कांग्रेस संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से नियुक्ति की जा रही है।मंगलवार को औद्योगिक क्षेत्र के सक्रिय युवा नेता सुभाष आमने को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश झलके के द्वारा पांढुर्णा जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है।श्री आमने के द्वारा लंबे समय से कांग्रेस के विभिन्न संगठनों के पदों पर रहते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया है। जिला कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष बनने के बाद में औद्योगिक क्षेत्र कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा सुबह सामने का स्वागत सत्कार किया गया।

### आखरी अशरे में छुपी होती है शब-ए-कद्र की चमत्कारी रात

# रमज़ान उल मुबारक का आखरी अशरा शुरू

हरिभूमि न्यूज लांजी।



हर साल मुसलमान इस्लामी कैलेंडर के नौवें महीने में रोजे रखते हैं. रमजान के महीने का रोजा इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक माना जाता है. इस साल रमजान की शुरुआत चांद की तारीख के हिसाब से 11 मार्च 2024 से हो चुकी है. जो मुसलमान शारीरिक रूप से सक्षम हैं, उन्हें पूरे महीने के रोजे रखने चाहिए. रमजान का महीना चांद दिखने के आधार पर 29 से 30 दिनों तक चलता है. इस्लामिक मान्यता के अनुसार, अल्लाह ने रमजान ए पाक के महीने को तीन भागों में बांटा है, जिन्हें रमजान के 'अशरा' के रूप में जाना जाता है.इस महीने का तीसरा अशरा 20वें रोजे की मगरिब से शुरू होता है, जो ईद का चांद दिखाई देने तक जारी रहता है। इसमें इबादत करने से जहन्नुम से आजादी मिलती है।जामा मस्जिद के इमाम साहब ने बयान करते हुए कहा कि रमजान-पाक को तीन अशरों में बांटा गया है। दूसरा अशरा मुकम्मल हो रहा है। तीसरे अशरे की शुरूआत के साथ ही मस्जिदों और घरों में एतकाफ का सिलसिला शुरू हो जाएगा। रमजान में 20वें रोजे के मगरिब से शुरू होकर चांद रात तक मस्जिद में रहकर अल्लाह की इबादत करने को एतकाफ कहा जाता है। तीसरे अशरे की ताक रातों में शब-ए-कद्र भी आएगी। इसी अशरे की 21, 23, 25, 27 और 29वीं रात शब कद्र की पाक रात है। उन्होंने कहा शबे कद्र की रात को हजार महीने की रातों के बराबर बताया गया है। लेकिन वह कौन सी रात है, किस रात को कुरान शरीफ नाजिल हुआ, यह किसी को मालूम नहीं है। इसलिए रोजेदार इन पांच रात को जागकर अल्लाह रब्बुल इज्जत की इबादत करते हैं। रमजान के तीसरे अशरे में ही फितरा और जकात भी अदा की जाती है, जिससे ईद की नमाज गरीब लोग भी खुशी से अदा कर सकें। वैसे ईद के बाद भी फितरा और जकात निकाला जा सकता है, लेकिन रमजान में ही निकालना बेहतर होता है।

### रमजान का पहला अशरा — रहमत

जामा मस्जिद के इमाम साहब ने बताया कि रमजान के पहले दस दिन रहमत और बरकत के दिन हैं और हर मुसलमान को अल्लाह से रहमत और बरकत के लिए दुआ करनी चाहिए।

# सरपंच पर मानहानि का दावा करने ग्रामीण ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत अर्जुनी के सरपंच विनोद कुमार गढ़पाण्डे पर गांव के ही एक व्यक्ति देवेन्द्र पारधी ने मानहानि का दावा करने की चेतावनी दी है. दरअसल, अर्जुनी पंचायत के 05 ग्रामीणों ने पंचायत में सूचना का अधिकार के तहत आवेदन लगाकर विभिन्न कार्यों और हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी मांगी थी. जिस पर पंचायत ने 3 आवेदकों को जानकारी दी थी और 02 आवेदकों का आवेदन निरस्त कर दिया था. जिसके बाद पंचायत सरपंच-सचिव के साथ आवेदकों का विवाद हुआ था. आवेदकों ने सरपंच-सचिव पर अभद्र भाषा का उपयोग करने का आरोप लगाते हुए तीन दिन पहले कटंगी थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी. वहीं ठीक दूसरे दिन सरपंच-सचिव और ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर आवेदकों पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग रखी थी. सरपंच ने आवेदक देवेन्द्र पारधी पर गांव में नहीं रहने का आरोप लगाते हुए शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाने

### कहीं दीपक तो कही मोमबत्ती जलाकर मतदाताओं को किया जागरूक

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधिया विभिन्न प्रकार की आयोजित की जा रही है। महिलाओं ने दीपक पीपल के पेड़ के नीचे तथा आंगनवाड़ी केंद्र पर

## रामपायली पुलिस ने भेंडाराटोला से जप्त की 60 लीटर कच्ची शराब

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** रामपायली पुलिस ने 2 अप्रैल की दरम्यानी सुबह करीब 04 बजे मुखबिर की सूचना पर ग्राम भेंडारा टोला निवासी मुकेश बैस के घर पर छापामार कार्यवाही कर अवैध हाथ भट्टी से निकाली जा रही महुआ की कच्ची शराब बरामद की हैं। जानकारी अनुसार आरोपी मुकेश अपने घर में हाथ भट्टी पर गंजे सहित अन्य उपकरणोंा के माध्यम से शराब बना रहा था। वहीं निरीक्षण के दौरान घर के पीछे व आगे 60 लीटर कच्ची शराब 15-15 लीटर के कैन में बरामद हुई और उसके साथ ही निर्माण सामग्री को भी जप्त किया गया। आरोपी मुकेश को धारा 34(2)आबकारी एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव सउनि सुनील पांचाले, प्र आर 160 विवेक ठाकरे, आर 451 श्याम सिंह, आर 1154 अंकित का सराहनीय योगदान रहा ।



## ग्रामों में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर: लगभग 1000 ग्रामीणों के परीक्षण के साथ दी गई निःशुल्क दवाईयां



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम बासी, पौनेरा, बकेरा और झालीवाड़ा में जैक्सन बायो फ्यूल्स द्वारा 5 दिवसीय निःशुल्क जॉच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 1000 लोगों ने अपने स्वास्थय की जाँच करवाई। इस कैम्प का नेतृत्व जैक्सन बायोफ्यूल्स के एच आर और एडमिन प्रमुख गजन सिंह ने किया। वहीं स्वास्थ्य और सुरक्षा अधिकारी सुभाष चंद शर्मा ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई। स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन में बासी, बकेरा और झालीवाड़ा के सरपंचों ने भी अपनी उपस्थिति साझा की और स्वास्थ्य शिविर की सफलता में अपना सहयोग दिया। इस मौके पर गजन सिंह ने कहा कि हमारी कंपनी ने गांवों के लोगों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए इस स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया है। हमारा लक्ष्य है कि हम अपनी सेवाओं को सभी के लिए पहुंचाएं और उन्हें स्वस्थ और समृद्ध बनाए रखें। हम इसी तरह अलग-अलग सुविधायें लोगों तक पहुंचाते रहेंगे और लोगो के साथ काम करते रहेंगे। सुभाष चंद शर्मा ने इस अवसर पर उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में योगदान किया। इस स्वास्थ्य शिविर में लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य जांचों की सुविधा जैसे ब्लड टेस्ट, ब्लड प्रेशर, हेमोग्लोबिन, शुगर, कोलेस्ट्रोल और विभिन्न बीमारियों की जांच करने के साथ ही सामान्य मेडिसिन भी उपलब्ध कराई गई।

### शराब पीकर आने पर पूर्व में भी प्राचार्य द्वारा दिया जा चुका है कारण बताओ नोटिस

# कन्या विद्यालय के सामने बच्चों को पढ़ाने की जगह शराब के नशे में धुत नजर आया शिक्षक

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** मध्य प्रदेश में सरकारी स्कूलों को पटरी पर लाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है लेकिन इन स्कूलों को संचालित करने वाले शिक्षक़ ही सरकार की कोशिशों में पलीता लगा रहे हैं. शिक्षक का काम होता है छात्रों को पढ़ाना, उन्हें अच्छी शिक्षा देना, लेकिन अगर शिक्षक ही शराब पीकर स्कूल पहुंच जाए तो ऐसे स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य क्या ही होगा.गुरू को हमारे देश में गोविंद से भी बड़ा दर्जा दिया गया है, क्योंकि ईश्वर तक पहुंचने और सत्मार्ग पर चलने का रास्ता गुरू ही बताते हैं। लेकिन लांजी में एक शिक्षक की शर्मनाक करतूत सबके सामने आई है। शिक्षकों के इस कृत्य ने शिक्षा जगत को शर्मसार कर दिया। इस विद्यालय में एक टीचर शराब के नशे में धुत नजर आया. टीचर इस कदर शराब के नशे में था कि उसे होश तक नहीं था की मै किससे बात कर रहा हूं और कैसी बातें कर रहा हूं. शराब के नशे में किसी तरह स्कूल तो पहुंच गया लेकिन वहां पहुंचते ही लडखड़ाने लगा जिसको देखकर आसपास खड़ी छात्राएं हंसने लगी और उससे दूर हटने लगी. मामला लांजी के आमगांव रोड़ मे स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे सामने आया है. जहां मंगलवार 2 अप्रैल को 10:30 बजे विद्यालय खुलने के पूर्व ही शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक चैतराम बढ़गैया जो कि शाला खुलने के पूर्व ही साल के गेट के सामने शराब पीकर अभद्र भाषाओं का प्रयोग कर रहा था तथा माध्यमिक शाला में अपने बच्चों का रिजल्ट देखने आए परिजनों के साथ भी अभद्रता कर रहा था। जब शिक्षक चैतराम बडगैया से मीडिया के द्वारा पूछा गया कि आप एक शिक्षक होकर शराब पीकर स्कूल में आए हुए हैं ऐसे में छात्राओं का भविष्य का भविष्य कैसे सवर पाएगा तब नशे में टल्ली शिक्षक चैतराम बडगैया है ने कहा कि मैं हमेशा शराब पीकर आता हूं और आगे भी आऊंगा आपको जिसको शिकायत करना है कर दो तब स्कूल के प्राचार्य टी,डी लिल्हारे को इसकी जानकारी दी गई तथा जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी उपाध्याय को भी दूरभाष पर शराबी शिक्षक चैतराम बढ़गैया की हरकतों के बारे में जानकारी दी गई तब शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री पी, डी लिल्लहारे मौके पर पहुंचे और उन्होंने चैतराम बढ़गैया को बुलाया परंतु नशे में टल्ली शिक्षक बडगैया मौके से रफू चक्कर हो गया तब प्राचार्य श्री लिल्लहारे के द्वारा बताया गया कि इसके पूर्व भी 27 मार्च को शिक्षक चैतराम बडगैया के द्वारा विद्यालय में शराब पीकर आने पर तथा उपस्थिति पंजी में नियम विरुद्ध अभी लेखन जैसा कृत किया जाने पर हमारे द्वारा चैतराम बडगैया को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था परंतु उनके द्वारा आज तक हमें नोटिस का जवाब नहीं दिया गया। चैतराम बडगैया के द्वारा अपनी हटधर्मिता , स्वेच्छाचरिता एवं उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना की गई। श्री लिल्लहारे ने यह भी कहा कि इसके बाद चैतराम बडगैया के द्वारा इस प्रकार का कृत्य किया जाता है तो हमारे द्वारा उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## मॉडल स्कूल चयन परीक्षा 2024-25 आवेदन तिथि 5 अप्रैल हुई

**बालाघाट।** शासकीय मॉडल स्कूल की कक्षा नवमी में प्रवेश चयन परीक्षा 2024-25 के आवेदन की तिथि बढ़कर 5 अप्रैल हो गई है। इस संम्बध में जानकारी देते हुए शासकीय मॉडल स्कूल बैहर के प्राचार्य सुनील कुमार खोब्रागडे ने बताया कि पूर्व में अंतिम तिथि 30 मार्च थी। जिसे बढ़ाकर 5 अप्रैल कर दिया गया है। इशिलये जिन विद्यार्थियों द्वारा अभी तक फॉर्म नही भर पाए है वे एमपी ऑनलाइन के एजुकेशन पोर्टल में जाकर आवेदन कर सकते है। साथ ही श्री खोब्रागडे ने जिले के समस्त संस्था प्रभारी, प्रधान पाठको से अपील की है कि कक्षा आठवीं में जितने भी छात्र-छात्र अध्यनरत थे व्यक्तिगत रुचि लेकर के सभी छात्र-छात्राओं से अनिवार्यतः मॉडल प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु फार्म भरवाए। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिले में मात्र 2 मॉडल स्कूल बैहर एवं बिरसा में संचालित है जहाँ हिंदी एवं इंग्लिश मीडियम में प्रवेश लिया जा सकता है साथ ही चयनित 50 छात्र एवं 150 छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध है।

## एसडीएम और एसडीओपी ने देशी-विदेशी शराब दुकानों का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** 01 अप्रैल से नए ठेकेदारों को देशी-विदेशी शराब दुकानें आवंटित की जा चुकी है. कटंगी तहसील क्षेत्र की सभी शराब दुकानों का एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, एसडीओपी माणिक मणि कुमावत, तहसीलदार छवि पंत, थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले, नायब तहसीलदार महेश कुमार सोलंकी और आबकारी वृत प्रभारी ने स्टॉक निरीक्षण किया. दरअसल, कटंगी विदेशी शराब दुकान यथावत पुराने ठेकेदार को ही है ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने सोमवार की देर शाम शराब दुकान का निरीक्षण किया. एसडीएम ने बताया कि शराब दुकान कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।



## खबर संक्षेप

### समय-सीमा बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बैठक में कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने समय सीमा में दर्ज प्रकरणों, सीएम हेल्प लाइन तथा जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने गेहूं उपार्जन की व्यवस्थाओं को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी उपार्जन केन्द्रों में आवक की संभावना का आंकलन करते हुए सभी जरूरी व्यवस्था सभी केन्द्रों में की जाए। उन्होंने सभी केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में पंखे, छन्ना तथा बारदाने की व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं तहसीलदारों को भी उपार्जन केन्द्र के निरीक्षण के निर्देश दिये हैं।
कलेक्टर श्री सिंघल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर भी नोडल अधिकारीवार सौंपे गए दायित्वों की समीक्षा की उन्होंने मतदाता जागरूकता गतिविधियों, मतदान सामग्री, वितरण एवं वापसी, मतदान दलों के गठन एवं उनके प्रशिक्षण निर्वाचन शिकायतों के निराकरण स्थिति के साथ-साथ निर्वाचन वाहनों की अनुमानित संख्या एवं उनके रूट चार्ट की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# दोस्त के साथ नाती ने की थी चोरी पुलिस ने किया गिरफ्तार पहुंचाया जेल

**जिले के धनौरा में 30 मार्च को हुई चोरी की वारदात का धनौरा पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में पार्थी का नाती ही आरोपित पाया गया है, जिसने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



धनौरा थाना प्रभारी डीआर शरणागत ने बताया है कि एसडीओपी घंसौर नम्रता सोंधिया के मार्गदर्शन मे चोरी करने वालो पर अंकुश लगाने लगातार कार्रवाई की जा रही है। 30 मार्च को धनौरा निवासी पहाडी.पुत्र भिक्कू कुडोपा (80) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर से अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के जेवरात चोरी किए है। इसकी रिपोर्ट पर थाना धनौरा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।
विवेचना दौरान प्रार्थी ने अपने नाती जितेन्द्र उइके व उसके मित्र प्रदीप कुमरे पर संदेह जाहिर किया था। इस पर उनकी तलाश कर पूछताछ की गई। पूछताछ में उन्होंने जुर्म कराना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपितों के साथ उनके बताए स्थान पर जाकर सोने चांदी के जेवरात, चांदी की तीन जोडी पायल, एक जोडी छलनी, एक जोडी दोहरी, दो करधन, एक सोने की अंगूठी जब्त किया गया। आरोपितों को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई की जाकर रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपीतों को जेल दाखिल करने आदेशित किया गया।

### आदेगांव पुलिस के हत्थे चढ़े दो मोटरपंप चोर

आदेगांव पुलिस मोटरपंप चुराने वाले दो चोर को पकड़ा है। उसके कब्जे से चोरी की दो नग मोटर जब्त की गईं हैं। आदेगांव थाना प्रभारी पूजा चौकसे ने बताया है कि रविवार को जमुआ गांव निवासी अखिलेश पुत्र जानकी प्रसाद कहार (29) ने मोटर पंप चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि सिंचाई की मोटर धूवघटा बांध मढी पर रख कर सिंचाई कर रहे थे। 30 मार्च की शाम छह बजे दोनों मोटरों को वर्षा होने के कारण ढक कर घर आ गए थे। विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपित की तलाश कर आरोपित श्याम लाल व सतीश मर्सकोले को पुलिस स्टाफ ने पकड कर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने जुर्म स्वीकार किया। आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने चोरी हुई मोटर को बरामद की।

# लोकसभा निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित 16 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत पी-2 एवं पी-3 का प्रशिक्षण शासकीय पीजी कॉलेज एवं उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में दिनांक 29 मार्च 2024 एवं 30 मार्च 2024 को आयोजित किया गया। आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी कर 3 दिवस में जबाव चाहा गया है। दिनांक 29 मार्च 2024 को आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाये गये कर्मचारी क्रमशः श्री सुधाराम मर्सकोले, प्रा0शि0, शा0उ0मा0वि0 पांडिया छपारा , श्रीमति पूनमलता परते, प्रा0शि0, शा0उ0मा0वि0 केवलारी, श्री सुरेश कुमार भलावी, प्रा0शि0, शा0उ0मा0वि0 रूमाल, श्री दिलीप यादव, एम0पी0डब्ल्यू डी0, सामुदयिक स्वा0 केन्द्र केवलारी, श्री दुर्गेश बर्मन, भृत्य, शा0उ0मा0वि0 छींदा, श्री रामकुमार झारिया, प्रा0शि0, शा0उ0मा0वि0 केदारपुर, श्री दुर्गाप्रसाद इनवाती, प्रा0शि0, शा0उ0मा0वि0 केदारपुर, श्री सुखदेव प्रसाद पन्द्रे, प्रा0शि0, शा0उ0मा0वि0 भिलाई श्री विमलसिंह रांहगडाले, प्रा0शि0, शा0उ0मा0वि0 बरघाट, श्री मुंशीलाल उइके, प्रा0शि0, शा0हा0स्कूल देवरीकलां, श्री मनोज उइके, भृत्य, वि0खं0अधि0जन.कार्य.विभाग कुरई इसी प्रकार दिनांक 30.03.2024 को अनुपस्थित कर्मचारी है श्रीमति सुशील परते, सहा0शिक्षक, कार्या0 विकासखंड अधिकारी-लखनादौन, श्री मस्तराम परते, भृत्य, कार्या0 विकासखंड अधिकारी-लखनादौन, श्री राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, सहा0ग्रेड-03 कार्यालय अधीक्षण यंत्री, जलसंसाधन विभाग-सिवनी , श्री तुषार मसराम, सहा0ग्रेड-03 कार्या0 परि0अधि0 एकी0बाल वि0 परि0 केवलारी, श्री अनिल कुमार दुबे, सहा0ग्रेड-03 कार्या0 काय0यंत्री, लोक निर्माण विभाग सं0क्र0 01 सिवनी को नोटिस जारी किया गया है।

### निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने पर पंचायत समन्वय अधिकारी श्री के के सोनवानी की रूकी वेतन वृद्धि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत स्थापित चैक पोस्ट ग्वारी में स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) दल में पदस्थ पंचायत समन्वय अधिकारी जनपद पंचायत केवलारी श्री के के सोनवानी के अनाधिकृत रूप से निर्वाचन दायित्व स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर कलेक्टर श्री सिंघल ने मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण,नियंत्रण तथा अपील) नियम- 1966 के नियम- 10 की कंडिका (4) प्रावधानानुसार श्री के के सोनवानी की आगामी वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने के आदेश जारी किए हैं।

### औचक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए एसएसटी दल प्रभारी का काटा गया एक दिवस का वेतन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत स्थापित चैक पोस्ट डूंडासिवनी तिराहा का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा सोमवार रात्रि को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी-9) दल में पदस्थ प्रशिक्षण अधिकारी आईटीआई सिवनी श्री विपुल प्रतीक ठाकरे अनाधिकृत रूप से निर्वाचन दायित्व स्थल से अनुपस्थित पाये गए। कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा श्री विपुल प्रतीक ठाकरे का एक दिवस का वेतन काटने के आदेश जारी किए गए हैं।

### प्रतिबंधित मार्ग में अवागमन करती पाई गई बस पर की गई जप्ती की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** परिवहन विभाग द्वारा गांधी चौक- डूंडासिवनी मार्ग पर बसों के प्रतिबंध के उपरांत भी अवागमन करती पाई गई बस क्रमांक एम पी 22 पी 0242 को जप्ती की कार्यवाही की गई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी क्षितिज सिंघल द्वारा नगरीय क्षेत्र की यातायात व्यवस्था एवं सडक दुर्घटना की रोकथाम के लिए गांधी चौक-गणेश चौक-डूंडासिवनी मार्ग को भारी वाहनों, बस,ट्रक एवं अन्य माल वाहकों के लिए प्रतिबंधित अधिसूचित किय गया है।

## पांचवीं व आठवीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम अप्रैल के दूसरे सप्ताह में होगा घोषित

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पांचवीं व आठवीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम 10 से 15 अप्रैल के बीच में घोषित होने की संभावना है। प्रदेश भर के सरकारी व निजी स्कूलों के करीब 25 लाख विद्यार्थी परिणाम के इंतजार में है। यह परिणाम एक अप्रैल को आना था, लेकिन अब तक 70 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य पूरा हुआ है। मूल्यांकन कार्य 31 मार्च तक समाप्त करना था। वहीं शिक्षक मूल्यांकन केंद्र नहीं पहुंच रहे हैं। इस कारण उत्तरपुस्तिकाओं को जांचने का काम नहीं पूरा हो पा रहा है।ऐसे में अब तक अप्रैल के पहले सप्ताह में रिजल्ट आना बहुत मुश्किल लग रहा है। अभी विद्यार्थियों को अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। बता दें कि राज्य शिक्षा केंद्र ने जो समय-सारिणी तय किया था,उसके हिसाब से अप्रैल के पहले सप्ताह में पांचवीं व आठवीं का परिणाम आना था, लेकिन अब तक 30 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं को जांचना है।

### आमजनों की सुविधा के लिए उप-तहसील कार्यालय कान्हींवाडा का होगा संचालन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

क्षेत्रीय जनसाधारण की मांग तथा राजस्व प्रशासन की सुदृढता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा वर्तमान में उपलब्ध स्टाफ एवं संसाधनों के अनुरूप सप्ताह में 02 दिवस ग्राम कान्हीवाडा में निर्मित उपतहसील कार्यालय भवन में उप-तहसील (टप्पा) कार्यालय संचालित किये जाने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के परिपालन में प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार एवं गुरूवार को उप-तहसील कार्यालय संचालित किया जाएगा।
उक्त दिवसों में सभी संबंधित राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों द्वारा उप-तहसील भवन कान्हींवाडा में उपस्थित रहकर सभी कार्य संपादित किए जायेंगें।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा सिवनी एवं बरघाट विधानसभा के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना जी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित अ.भा.कांग्रेस के सचिव संजय कपूर जी द्वारा किया गया एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा बालाघाट-सिवनी लोकसभा के अधिकृत कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट अशोक सिंह सरस्वार, विशवेश्वर भगत, सिवनी जिला प्रभारी समीर खान, अनुपसिंह बैस, बरघाट के पूर्व विधायक अर्जुनसिंह काकोडिया, बालाघाट लोकसभा प्रभारी एवं केवलारी विधायक ठा. रजनीशसिंह ने माल्यार्पण किया। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान, उपाध्यक्ष श्रीमति डाली डागोर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष



राकेश सनोडिया, सिवनी जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष देवीसिंह चन्द्रवंशी की उपस्थिती रही। जिला कांग्रेस प्रवक्ता द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि बैठक में वक्ताओं ने अपने सम्बोधन में कहा की यह लोकसभा चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है, केन्द्र सरकार ने जिस तरह देश के लोकतंत्र और संविधान को मजाक बना कर रख दिया है उससे इनकी मंशा अच्छी प्रतीत नही होती। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष की गलतियों को उजागर करना, उनकी कमिया निकालना, उनकी जनविरोधी नितियों का विरोध करना, उनके भ्रष्टाचार को उजागर करना विपक्षी दलो का प्रमुख कार्य है। मौजूदा भाजपा सरकार को विपक्ष का यह कार्य पसंद नही है, जो विपक्ष के नेताओं ने मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार को लेकर हमला किया है उस पर ईडी, सी.बी.आई., एनआईए, आईटी सरकारी तंत्र का दुरूपयोग कर उन्हें अनेक आरोपों में फसाने का काम और जेल भेजने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस नेता चिदंबरम, राहुल गांधी, पवन खैरा, आप पार्टी से सतेन्द्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सुरेन्द्र केन्द्र सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलने पर इन्हें जेल भेजा गया। वही दूसरी तरफ जिन्हें नरेन्द्र मोदी और भाजपा के नेता मंचो से भ्रष्टाचारी बताते थे, हेमंत विसरमा, मुकुल राय, शिवेन्दु अधिकारी, अजीत पंवार, छंगन भुजबल, नारायण राणे, अशोक चैव्हाण, रेड्डी ऐसे अनेक भ्रष्टाचारी जिन्होंने हजारों करोड़ों के सत्ता में रहते भ्रष्टाचार किये भाजपा पार्टी में जाते ही सबको क्लीनचीट मिल गई।



## नगर मंडलों की बैठक मे हुए सम्मिलित भाजपा के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर मंडलों की बैठक मे कार्यक्रम प्रभारी के रुप मे कार्यकारिणी की चुनावी बैठक ली गई। भाजपा जनप्रतिनिधियों द्वारा मंडल कार्यक्रम प्रभारी के रूप मे बारापत्थर स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मे नगर के उत्तर एवं दक्षिण मंडलों मे बूथ स्तर तक पंच परमेश्वर संरचना, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ महामंत्री, बीएलए एवं सोशल मीडिया, आईटी सेल अपेक्षित कार्यकर्ता की जोश पूर्ण चुनावी बैठक ली गई। राकेश मालवीय मीडिया प्रभारी भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी उपस्थितों ने अब की बार 400 पार का संकल्प लिया। बैठक के शुरुआत मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ मां भारती, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर बैठक आरंभ की गयी इस अवसर पर सर्वश्री प्रदेश मंत्री केशव भदौरिया , आलोक दुबे जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता वेदसिंह ठाकुर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा , डॉक्टर ढालसिंह बिसेन सांसद , वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल , सुजीत जैन पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य , गजानंद पंचेश्वर , आनंद शर्मा , युवराज सिंह राहंगडाले जिलाध्यक्ष भाजयुमो, डा. अभिजीत चौहान , मनोज मर्दन त्रिवेदी , प्रेम तिवारी , संजय सोनी मंडल अध्यक्ष, अभिषेक दुबे मंडल अध्यक्ष, अल्केश रजक पूर्व पार्षद विधानसभा विस्तारक , आशीष सोनी , दीपक ठाकुर , निरंजन मिश्रा , मनीष राय जी, मंडल महामंत्री सहित समस्त पदाधिकारियों, देवतुल्य जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थित रही।

# आदर्श आचार संहिता के दौरान धनौरा पुलिस द्वारा माईनर एक्ट की बडी कार्यवाही

**पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह (भापुसे) द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब बेचने एवं उपद्रव कर लोगो को शस्त्र दिखाकर डराने धमकाने वालो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित गिया गया है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

उक्त आदेश के पालन मे एवं श अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीडी शर्मा एवं एसडीओपी घंसौर सुश्री नम्रता सोंधिया के मार्गदर्शन मे अवैध शराब रखने व बेचने वालो एवं उपद्रव कर लोगो को शस्त्र दिखाकर डराने धमकाने वालो पर अंकुश लगाने हेतु लगातार पुलिस थाना धनौरा द्वारा कार्यवाही की जा रही है दिनांक 01/04/2024 को थाना धनौरा मे पुलिस को ग्राम हिंगवानी मे लडाई झगडा करने व लोगो को चाकू दिखाकर डराने धमकाने की सूचना मिलने पर मौके पर जाकर आरोपी अशोक पिता चम्मू रजक उम्र 35 साल निवासी ग्राम हिंगवानी थाना धनौरा को पकड कर गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से एक बका नुमा चाकू जप्त किया गया एवं आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 106/24 धारा 25 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। इसी प्रकार थाना धनौरा मे मुखबीर की सूचना मिलने पर ग्राम घटेरी मे शराब रेड कार्यवाही की गयी जिसके दौरान अवैध रूप से शराब रखे पाये जाने पर आरोपी सुमतलाल पिता गेंदलाल भलावी उम्र 60 साल निवासी घटेरी थाना धनौरा के कब्जे से अवैध कच्ची महुआ शराब 10 लीटर किमती 1000 रूपये जप्त किया जाकर अपराध क्रं. 107/24 धारा 34एआबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।

### ग्राम साजपानी मे अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना पर शराब रेड

कार्यवाही की गयी जिसके दौरान आरोपिया सवीता बाई पति सरजू उइके उम्र 27 साल निवासी ग्राम साजपानी थाना धनौरा के कब्जे से अवैध हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब 10 लीटर किमती 1000 रूपये की जप्त कर विधिवत कार्यवाही कर अपराध क्र. 108/24 धारा 34ए आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। ग्राम मासूल मे अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना पर रेड कार्यवाही की गयी जिसके दौरान आरोपिया भागवती पति सुनील मरावी उम्र 33 साल निवासी ग्राम मासूल थाना धनौरा के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब किमती 1000 रूपये की जप्त कर अपराध क्रं. 109/24 धारा 34ए आबकारी एक्ट एवं आरोपी दीपलाल पिता झाडू उइके उम्र 45 साल निवासी ग्राम मासूल थाना धनौरा के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब किमती 1500 रूपये के जप्त कर अपराध क्र. 110/24 धारा 34ए आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

### डूंडा सिवनी द्वारा की गई गौवंश तस्करो पर कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा जिले के समस्त थानों को गौवंश तस्करी के विरूध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है उक्त आदेश के पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा एवं एस.डी. ओ.पी. महोदया श्रीमति पूजा पाडे के गार्ग दर्शन में गौवंश तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु लगातार पुलिस थाना ड्डासिवनी द्वारा कार्यवाही की जा रही है दिनांक / 4/2024 की रात्रि में थाना डूंडा सिवनी पुलिस को मुखबिर के द्वारा सूचना मिली की जबलपुर की ओर एक कंटेनर में कुछ व्यक्ति मवेशीयों को बेरहमी से रस्सी से बांध कर कुरता पूर्वक भरकर कत्ल करने के इरादे से कत्ल खाना लेकर जा रहे है। मुखबिर की सूचना पर तस्दीक हेतु थाना डूंडासिवनी स्टाफ द्वारा बायपास पर चेकिंग लगाई गई जो एक कंटेनर पुलिस को देखकर कंडीपार की ओर भाग गया जिसका पुलिस द्वारा पीछा किया गया जो कि ग्राम झील पिपरिया में शिव मंदिर के पास विद्युत पोल से टकराकर राजा किराना दुकान में जाकर घुस गया कटेनर चालक एवं अन्य स्टाफ मौके से अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। वाहन के स्वामी एवं घटना में संलिपा आरोपियों की तलाश पतासाजी की जा रही है। जप्ती :- मौके से कंटेनर वाहन कमांक **TS**12**UE**2809 कीमती 12 लाख से 32 नग गौवंश कीमती करीबन 04 लाख जिसमें से 02 नग गौवंश मृत अवस्था में पाये गए को जप्त किया गया। सराहनीय कार्य उनि अर्पित भैरम, प्र.आर. 366 शेखर बघेल आर. रोहित रघुवंशी, अनुराग दुबे, सीताराम जावरे की भूमिका रहीं।

ग्राम तिलवारा चौकी सुनवारा मे अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना पर रेड कार्यवाही की गयी जिसके दौरान आरोपी सन्तराम पिता सुमरन सरयाम उम्र 30 साल निवासी तिलवारा चौकी सुनवारा थाना धनौरा के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब किमती 1000 रूपये की जप्त कर अपराध क्रं. 111/24 धारा 34ए आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।नाम आरोपी - 1. अशोक पिता चम्मू रजक उम्र 35 साल निवासी ग्राम हिंगवानी, 2. सवीता बाई पति सरजू उइके उम्र 27 साल निवासी ग्राम साजपानी, 3. सुमतलाल पिता गेंदलाल भलावी उम्र 60 साल निवासी घटेरी थाना धनौरा, 4. भागवती पति सुनील मरावी उम्र 33 साल निवासी ग्राम मासूल, 5. दीपलाल पिता झाडू उइके उम्र 45 साल निवासी ग्राम मासूल, 6. सन्तराम पिता सुमरन सरयाम उम्र 30 साल निवासी तिलवारा चौकी सुनवारा।
जप्त मशरूका – 1. कुल अवैध हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब 55 लीटर किमती 55,00 रुपये, 2. एक बका नूमा चाकू किमती 200 रूपये।

### सराहनीय कार्य

थाना प्रभारी धनौरा उनि. डी. आर. शरणागत, उनि बुद्धन मरावी, चौकी प्रभारी सउनि लुपेश राहंगडाले, सउनि कमलशंकर तुमराम, प्रआर 169 सुरेश सोनी, प्रआर 298 गोविंद धुर्वे, आर 174 नीरज उइके, आर 640 सुनील सैय्याम, आर 713 भानू कटरे, आर 227 रूपसिंह मरावी, आर 472 देवेश चौधरी, आर 612 सतेन्द्र प्रजापति।

विकासखण्ड बरघाट में जल-जीवन मिशन कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

# अनुबंधकर्ताओं पर नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने सोमवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष बरघाट मे विकासखण्डस्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल आपूर्ति तथा विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामवार पेयजलापूर्ति की व्यवस्था को लेकर सीधे उपस्थित सचिवों, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमले से चर्चा की। उन्होंने कम प्रगति वाले योजनाओं से संबंधित अनुबंधकर्ताओं पर खासी नाराजगी व्यक्त की तथा सभी संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान किसी भी ग्राम में पेयजल संबंधी समस्या न आए। चिन्हांकित किए गये संभावित सभी ग्रामों में जरूरी व्यवस्थाऐं करते हुए अबाध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री सिंघल ने बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि नलजल योजनाओं के क्रियान्वयन में विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्या न आये यह सुनिश्चित हो, नलजल योजनाओं के लिए त्वरित रूप से कनेक्शन दिये जायें तथा वोल्टेज संबधी कोई भी समस्या न हों। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री संदीप श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री अरूण श्रीवास्तव सहित पीएचई एवं जलजीवन मिशन के मैदानी अमले एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

### स्थानीय खेलों, स्वीप रंगोली, मेंहदी के साथ-साथ बैनर-पोस्टर के माध्यम से दिया जा रहा मतदाता जागरूकता का संदेश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर जिले में विभिन्न माध्यमों से मतदाता जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी हैं। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से नगरीय एवं ग्रामीण मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए आयोजित गतिविधि के क्रम में मतदाताओं के मध्य खो-खो, कबड्डी जैसे विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप की थीम पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से सहभागी एवं दर्शकों को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने की कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में स्कूल, कॉलेजों की छात्राओं द्वारा स्वीप मेंहदी अपने हाथों में लगाकर तथा मतदाता जागरूकता पर केन्द्रीत रंगोली बनाकर नवमतदाताओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने हेतु किया जा रहा है।

### कामगारों का मतदान दिवस पर रहेगा संवैतनिक अवकाश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला श्रम अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ख के प्रावधानानुसार निर्वाचन के दौरान प्रथम चरण मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024, द्वितीय चरण 26 अप्रैल, तृतीय चरण 07 मई एवं 13 मई 2024 को राज्य में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारभार/ व्यवसाय में नियोजित कार्यरत प्रत्येक कामगार का मतदान दिवस का सवैतनिक अवकाश रहेगा।

### सिविल न्यायाधीश श्री शाह की भावभीनी विदाई



**केवलारी .**व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री प्रेम दीप शाह के हरदा स्थानांतरण होने पर अधिवक्ता संघ केवलारी द्वारा विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए जिसमें संघ द्वारा पुष्प गुच्छ देकर श्री शाह का स्वागत किया गयाएसाथ ही अधिवक्ता संघ द्वारा शाल श्रीफल एवं स्मृति स्वरूप छायाचित्र भेंट किया गयाएसंघ अध्यक्ष श्री बद्री डोंगरे ने अपने उद्बोधन को रखतें हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री प्रेम दीप शाह के कार्यकाल को एक वर्ष के सफल एवं स्वर्णिम कार्यकाल की।

### नवीन शैक्षणिक सत्र 2024- 25 का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ भैया बहनों के तिलक चंदन वंदन से किया गया । विद्यालय के आचार्य परिवार द्वारा मुख्य द्वार पर आए हुए भैया बहनों का प्रसन्नता पूर्वक तिलक वंदन कर उन्हें नवीन सत्र की शुभकामनाएं दी गई। तत्पश्चात अभिभावकों समस्त आचार्य परिवार तथा भैया बहनों की उपस्थिति में संगीतमय वंदना एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। हनुमान चालीसा के पाठ के उपरांत यज्ञ हवन किया गया। तत्पश्चात विधिवत कक्षाओं का संचालन प्रारंभ हुआ । इस अवसर पर समस्त आचार्य परिवार द्वारा भैया बहनों को नवीन सत्र की शुभकामनाएं दी गई।

### होटलों में मिली खामियां, घरों की भी होगी जांच

# डीईओ के निर्देश पर एआरओ गोपाल सोनी और सीएसपी ने किया दो होटल और जेल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू है, जिसके नियमों का पालन कराए जाने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर डॉ. मिश्रा के दिए देते हुए सभी एआरओ को हॉटल्स, धर्मशालाओं और सराय का निरीक्षण कर यहां ठहरने वाले व्यक्तियों की जानकारी देने और जेल का भी निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे।

इसके परिपालन में एआरओ गोपाल सोनी और सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा के नेतृत्व में प्रशासनिक और पुलिस टीम ने मुख्यालय की गौली मोहल्ला स्थित हीराकिशन और रेलवे स्टेशन रोड स्थित वारसी का निरीक्षण किया गया। जहां निरीक्षण टीम को कई खामियां मिली। जिस पर इन दोनों हॉटल मालिकों पर धारा 188 आईपीसी के तहत कार्यवाही की जाएगी।

एआरओ गोपाल सोनी ने बताया कि होटल में जांच के दौरान गृहमंत्रालय के अतिथि पोर्टल में होटल संचालकों ने आगंतुकों की जानकारी फीड नहीं की जा रही थी। वहीं होटल में टेरिफ कार्ड डिस्प्ले नहीं था और अग्निशमन यंत्र नजर नहीं आया।

हॉटल निरीक्षण में मिली खामियों को चिन्हित कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जो जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर को प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने बताया कि सराय एक्ट 1867 के तहत आगंतुकों की जानकारी पुलिस को देनी अनिवार्य है और यदि ऐसी कोई जानकारी नहीं दी जाती है तो वह अपराध है।

#### जानकारी नहीं देने वालों पर होगी कार्रवाई

एक सवाल के जवाब में एआरओ गोपाल सोनी ने कहा कि बिना पुलिस को जानकारी दिए, बाहरी लोगों को भवन किराए से देने की सूचना यदि नहीं दी जा रही है तो इसकी जांच की जाएगी। यदि ऐसा पाया जाता है तो इसके खिलाफ 188 आईपीसी के तहत पुलिस में अपराध दर्ज किया जाएगा।

एआरओ गोपाल सोनी ने बताया कि जेल का भी निरीक्षण किया गया। यहां आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली है। सीसीटीवी चालू है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर की बात है, उसका प्रस्ताव बनाकर दिया जाएगा।

### मामला सोनेवानी रेस्टहाउस तथा लालबर्रा रेंज में सीसी सड़क कार्यों में सामग्री खरीदी का

# वन परिक्षेत्र लालबर्रा में लघु वनोपज कार्यों में भारी भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**दक्षिण वनमंडल बालाघाट सामान्य अंतर्गत वनपरिक्षेत्र लालबर्रा में अधोसरंचना अंतर्गत सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए निविदा बुलाई गई थी जिसमें सफल निविदाकारों को वर्क ऑर्डर विभाग द्वारा दिया गया था। किन्तु वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कमीशनखोरी के चक्कर में सफल निविदाकारों से सामग्री न लेकर अपने चहेते सप्लायरों से सामग्री खरीदी कर निर्माण कार्य में जमकर धांधली मचाई गई हैं।**

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार मेसर्स सौरभ अग्रवाल को मुरूम, सिमेंट तथा रेत प्रदान करने का वर्क ऑर्डर मिला था किन्तु विभाग के द्वारा नियम कानून को ठेंगा दिखाते हुए अपने चहेते सप्लायरों से सामग्री लेकर वन परिक्षेत्र लालबर्रा में सीसी सड़क निर्माण तथा सोनेवानी रेस्टहाउस में सीसी सड़क निर्माण की गई हैं।

सूत्र यह भी बताते हैं कि सप्लायर ने नॉट फॉर सेल की सिमेंट विभाग को उपलब्ध कराई हैं। सिमेंट की गुणवत्ता बिल्कुल भी नहीं हैं। किन्तु वन विभाग के द्वारा कमीशनखोरी के चक्कर में सड़क निर्माण कर दी। वहीं साईड सोल्डर भरने के लिए सप्लायर ने वन विभाग तथा राजस्व क्षेत्र से अवैध रूप से खुदाई कर विभाग को मुरूम सप्लाई की गई हैं।

उपरोक्त निर्माण कार्य में लगाए गए सामग्री खरीदी बिलों की वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जांच की जाएगी तो लाखों का भ्रष्टाचार उजागर होगा।



### खैरलांजी क्षेत्र के कटोरी में ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

# कांग्रेसी कार्यकर्ता पूरी ताकत से करे काम : सम्राट सिंह सरसवार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आगामी 19 अप्रैल को संपन्न होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में बालाघाट सिवनी कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट अशोक सिंह सरसवार पूरी ताकत से जुट गए हैं, तथा कांग्रेस को जिताने के लिये कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी पूरी ताकत से एकजुटता के साथ काम करना शुरु कर दिया है। इसी तारतम्य में कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सिंह सरसवार 1 अप्रैल को खैरलांजी अंतर्गत ग्राम कटोरी में ब्लाक स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित हुए । इस अवसर पर कांग्रेस उमीदवार जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार ने कहा कि मुझे जो अवसर मिला है यह सब जनता जनार्दन और पार्टी के कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद है जिसे मैं जनकल्याण और क्षेत्र के विकास में सर्वस्व न्योछावर करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा यह चुनाव मैं नहीं लड़ रहा हूं क्षेत्र की समस्त जनता और कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता लड रहा है। जहां उन्होने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को मजबूती के साथ कार्य करने की अपील की।इस दौरान प्रमुख रूप से कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष संजय उइके विधायक बैहर , पूर्व सांसद बोधसिंग भगत, नीरज हीरावत जिला महामंत्री, जिला पंचायत सदसय महेश बोरकर भोरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष गंगाराम डहरवाल, ब्लाक कांग्रेस प्रवक्ता देवेंद्र वारेवार, राजेश जायसवाल देवराज भोयर प्रदेश सचिव, राजू चौहान,जनपद सदस्य भीम बोरकर, जनपद सदस्य अरविंद डहरवाल, दुलीचंद जी पटले, नीलू दमाहे, विक्की टेंभरे सहित कांग्रेस के वरिष्ठ जनो की उपस्थिति में आयोजित किया गया जिसमें ब्लाक अध्यक्ष, बूथ लेबल के कार्यकर्ता, सेक्टर प्रभारी, मंडल के अध्यक्ष सहित समस्त कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।



### चुनाव का पर्व, देश का गर्व के तहत व्याख्यान का हुआ आयोजन

**बालाघाट**। शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में सोमवार को प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता में ईएलसी क्लब द्वारा "चुनाव का पर्व, देश का गर्व" ध्येय का प्रचार प्रसार करते हुये व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें ईएलसी सदस्य श्री विजय तुरकर सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र द्वारा बुजुर्गो एवं दिव्यांगों की वोटिंग सुनिश्चित करने के लिये शासन द्वारा उठाये जा रहे प्रयासों को विस्तार से छात्राओं को बताया गया। ईएलसी प्रभारी डॉ. श्वेता मोर सहायक प्राध्यापक राजनीतिशास्त्र द्वारा छात्राओं को मतदान का महत्व बताया गया तथा अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने की अपील छात्राओं से की गई।

### मामला औद्योगिक नगरी गर्रा का

# सांझ ढलते ही ढाबों में छलकने लगते हैं जाम, पुलिस विभाग नहीं कर रहा हैं कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला मुख्यालय से महज 5 किमी. दूरी वैनगंगा नदी के उस पार औद्योगिक नगरी गर्रा में संचलित ढाबों में सांझ ढलते ही जमकर शराब परोसी जा रही हैं। जबकि इन ढाबों में आहातों की परमीशन भी नहीं हैं। किन्तु फिर भी ढाबा संचालक दिलेरी के साथ बिठाल कर ग्राहकों को भोजन के साथ शराब भी मुहैया करा रहें हैं। जब से ग्राम गर्रा कोतवाली थाने में समलित हुआ हैं। अवैध कारोबार जमसे फल-फूल रहें हैं। कच्ची शराब यहां पर भारी मात्रा में उत्पादन हो रहा हैं।

सूत्र यह भी बताते हैं कि जिन कंधों पर अवैध शराब बिक्री पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी थी, वे लोग ही इस काम को भरपूर सरंक्षण दे रहें हैं तथा अपनी हिस्सेदारी लेकर औपचारिक तौर पर खानापूर्ति कर देते हैं। यहीं कारण हैं कि गर्रा में अवैध शराब बिक्री का कारोबार जमसे फल-फूल रहा हैं। लालबर्रा रोड़ स्थित बैठक ढाबा, डहरवाल ढाबा तथा जैन दुग्ध डेयरी के पास अवैध शराब बिक्री का धंधा खुलेआम चल रहा हैं। पुलिस विभाग इन संचालकों पर आखिर क्यों मेहरबान हैं।

#### इनका कहना हैं

ग्राम गर्रा में अवैध शराब बिक्री तथा ढाबों पर बिक रही शराब पर कार्रवाई की जाएगी।

**प्रदीप, एसआई,**
**कोतवाली बालाघाट**

## खबर संक्षेप

### मतदान केंद्र में सूक्ष्मता से अवलोकन करने वाले माइक्रो ऑब्जर्वर का हुआ प्रशिक्षण

**बालाघाट**। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मंगलवार को जिले के 10 प्रशिक्षण केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। प्रशिक्षण नोडल अधिकारी भरी एके उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि बिसरा और कटंगी के दो-दो तथा बालाघाट के 6 केंद्रों पर 671 माइक्रो ऑब्जर्वर उपस्थित रहे। माइक्रो ऑब्जर्वर संवेदनशील मतदान केंद्रों पर मतदान केंद्र में उपस्थित रहकर सूक्ष्मता से वहां घटित होने वाली गतिविधियों पर नजर रखते है। साथ ही इनले द्वारा आयोग के प्रेक्षक को रिपोर्ट भेजी जाती है। एक तरह से माइक्रो ऑब्जर्वर आयोग की ओर से मतदान केंद्र में उपस्थित होकर पल पल की जानकारी रखते है। उनके द्वारा प्रथक से भी रिपोर्ट अंकित ली जाती है।

### वृद्ध मतदाताओं को पुष्पहार पहनाकर सम्मानित करते हुए दिलाई गई शपथ

**बालाघाट**। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जारी है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत वारासिवनी सीईओ सुश्री दीक्षा जैन के मार्गदर्शन में मंगलवार को स्वीप गतिविधि के तहत वृद्ध मतदाताओं के सम्मान हेतु स्वीप की विकासखंड स्तर की टीम ग्रा.पं. सिकंदरा पहुंचकर वृद्ध मतदाताओं का सम्मान पुष्पहार पहनाकर किया गया। वही सामूहिक शपथ दिलाते हुए लोकतंत्र में वोट है अनमोल इसका महत्व समझाया गया तथा मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। सिकंदरा के साथ साथ सभी ग्राम पंचायतों में यह गतिविधि कराई

### मतदाताओं को जागरूक करने का जिला निर्वाचन अधिकारी का अनूठा अभियान

**बालाघाट**। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान में अनूठी पहल की है। उन्होंने अपने निवास स्थान से 60 किमी. दूर लांजी विधानसभा के खापरझरी के 80 वर्षीय भरलाल पयकु, मानागढ़ के 70 वर्षीय संतराम इवनाती और कादला के 77 वर्षीय रामु असरु को मतदान करने का न्यौता दिया है। यहां उन्होंने बुजुर्ग मतदाता संतराम इवनाती और रामु असरु के घर पहुँच कर पीले चावल दहलीज पर रखते हुए 19 अप्रैल को मतदान करने का बुलावा दिया। साथ ही उन्होंने बुजुर्ग मतदाता के पैर धोकर, तिलक किया और फूलों से स्वागत करते हुए श्रीफल भेंट कर पूरी जानकारी ली। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने जाना कि डोंगरगांव में मतदान केंद्र बनने से पूर्व कहा मतदान करने के लिए जाया करते थे ? इसके अलावा घर के अन्य मतदाताओं की जानकारी ली।

## ट्रेन की चपेट में आया युवक : दोनों पैर कटे, युवक की हुई मौत



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। बालाघाट से गोंदिया की ओर जा रही यात्री ट्रेन की चपेट में आने से कोसमी पंचायत के आदर्श नगर वार्ड क्रमांक 09 निवासी 27 वर्षीय नवीन उर्फ छोटु पिता सीताराम चंदेल की मौत हो गई। घटना 01 अप्रैल की लगभग सात-साढ़े सात बजे की बीच की बताई जा रही है।

बताया जाता है कि अनुसार नवीन चंदेल, सीमेंट रैक में में मजदूरी का काम करता था, जो शाम को घर के लिए सब्जी लेकर लौट रहा था। इस दौरान ही बालाघाट की ओर से गोंदिया की ओर जा रही यात्री ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसके दोनों पैर कट गए।

घटना के बाद वहां भीड़ लग गई और एम्बुलेंस को इसकी सूचना दी गई। तब तक रेलवे पुलिस और ग्रामीण थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। इसी बीच उसका शव और कटे पैरो को हटाकर किनारे कर एम्बुलेंस का रास्ता देखा गया लेकिन घटना के लगभग डेढ़ घंटे बाद उस वक्त एम्बुलेंस पहुंची, जब नवीन ने दर्द से दम तोड़ दिया। फिलहाल नवीन के शव को जिला चिकित्सालय भेजवा दिया गया है।

## 7 दिनों में रजेगांव से गुजरे धान के वाहनों का डेटा खंगालेंगे

### हूटर, नेम व नम्बर प्लेट बगैर सीट बेल्ट वाले वाहन चालकों पर भी होगी चालानी कार्यवाही, मप्र-महाराष्ट्र की सीमा पर जांच चौकी का कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों के मद्देनजर लांजी-किरनापुर विधानसभा के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। ज्ञात हो नॉमिनेशन प्रक्रिया में व्यस्तता के बाद पहली बार वे क्षेत्र में भ्रमण पर निकले। इस दौरान वे मप्र-महाराष्ट्र राज्य सीमा पर स्थापित रजेगांव और रिसेवाड़ा जांच चौकी का सूक्ष्मता के साथ निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सभी रजिस्टर जाँचे और इस चौकी से पिछले 7 दिनों में गुजरे धान वाहनों की क्रॉस चेकिंग करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चैक करें और रजिस्टर से मिलान भी करे। साथ ही ऐसे वाहन जिन पर नम्बर प्लेट नही है तथा पदनाम वाली प्लेट लगाए वाहनों को दी गई गई हिदायत का पूरा डेटाबेस तैयार करने के भी निर्देश दिए गए। आचार संहिता के बाद से चौकी पर रोके गए वाहनों तथा संधारित किये गए डेटा का अवलोकन किया गया। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा ने नेम व बिना नम्बर प्लेट, बिना सीट बेल्ट, बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट पर भी कार्यवाही करने की हिदायत दी है। साथ ही उन्होंने कहा कि व्यावसायिक वाहनों की सघन जांच की जाए। इस दौरान जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा, एसडीएम व एआरओ परसवाड़ा श्री कमल सिंह सिंहसार, तहसीलदार व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस और नक्सलियो के बीच मुठभेड़ : केराझरी जंगल में 43 लाख के दो इनामी नक्सली ढेर



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सर्चिंग पर निकले हॉकफोर्स के जवानों पर घात लगाकर बैठे 20 से 25 नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो नक्सली ढेर हो गए। दोनों पर तीन राज्यों ने 43 लाख के इनाम घोषित कर रखा था।

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सीमा में पितकोना चौकी से कुछ दूरी पर केरझरी जंगल में पुलिस को नक्सलियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इसके बाद एसपी समीर सौरभ के नेतृत्व में हॉकफोर्स स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने सर्चिंग अभियान चलाया।

आईजी संजय सिंह ने बताया कि मुठभेड़ कुछ नक्सलियों के घायल होने की संभावना है। पुलिस की सर्चिंग में लंबी दूरी तक खून के निशान मिले हैं। मुठभेड़ के दौरान रूक-रूककर फायरिंग भी होती रही। नक्सलियों की ओर से लगभग 170 तो वहीं सुरक्षाबलों की ओर से 130 राउंड फायरिंग की गई।

मुठभेड़ में 29 लाख की इनामी नक्सली 38 वर्षीय सजंती उर्फ क्रांति और 14 लाख के इनामी नक्सली 58 वर्षीय रघु उर्फ शेर सिंह की मौत हुई है।

सजंती उर्फ क्रांति मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में कई नक्सली वारदातों में शामिल रही है। वह सुकमा जिला अंतर्गत भेज्जी थाना के ग्राम रेगाड़म निवासी थी। साथ ही वह कान्हा भोरमदेव डिवीजन के विस्तार प्लाटून-02 भोरमदेव एरिया कमेटी की डिवीज नल कमेटी सदस्य भी थी। वहीं रघु उर्फ शेर सिंह भी कई वारदातों में शामिल रह चुका है। वह मलाजखंड एरिया कमेटी का सदस्य था। रघु लांजी थाना अंतर्गत डाबरी चौकी के दड़ेकसा का रहने वाला था।

#### पहली बार बीजीएल बरामद

आईजी संजय कुमार ने बताया कि मारे गए नक्सलियों के पास से पहली बार बीजीएल बरामद किया गया है। जिसका उपयोग नक्सली स्वयं विकसित रॉकेट लांचर में करते हैं। जो पूरे एरिया क्षेत्र के लिए खतरनाक हो सकता है।

#### तीसरी बार डीव्हीसीएम स्तर के नक्सली मारे गए

एसपी समीर सौरभ ने बताया कि यह तीसरी बार है कि डीव्हीसीएम के नक्सली मारे गए हैं। इससे पहले दो बार और आज साजंती उर्फ क्रांति को मार गिराया है। इनके पास ही एकके-47 हथियार होते हैं। जिससे हमने सीनियर लीडरशीप को न्यूट्रीलाईज करने का काम किया है।

दूसरा रघु, जो एक्टिव था। जिससे सक्रिय होने से वह लोगों को भटकाने, गुमराह करने और बहकावे में ला सकता था। जिसके मरने के बाद संभावना कम है। इस घटना के बाद नक्सली बैकफुट है और यदि चुनाव में गड़बड़ी करते हैं, तो दोनों ही स्थिति में हम तैयार हैं।

मध्यप्रदेश में सजंती पर 24 और रघु पर दर्ज हैं। वहीं 27 मामले छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की साजंती उर्फ क्रांति पति सुरेन्दर पर दर्ज हैं। सजंती पर मध्यप्रदेश में 5 लाख, छत्तीसगढ़ में 8 लाख और महाराष्ट्र में 16 लाख का इनाम था। वहीं रघु उर्फ शेरसिंह उर्फ सोमजी पंद्रे पर मध्यप्रदेश में हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, आगजनी सहित अन्य 27 मामले दर्ज हैं। जिस पर मध्यप्रदेश में 3 लाख, छत्तीसगढ़ में 5 लाख, महाराष्ट्र में 6 लाख का इनाम था।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता अभियान को दी गति

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कई गाँवो में मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने किरनापुर महाविद्यालय में विद्यार्थियों से कहा कि अधिसूचना जारी होने के बाद सिलसिलेवार निर्वाचन के कार्य हुए है। नाम वापसी के बाद अभ्यर्थी फायनल हो गए है। अब मतदाताओं की बारी है। उन्होंने युवा विद्यार्थियों से कहा कि जिले में पहली बार 40 हजार से अधिक मतदाता है। आप लोग मतदाताओं को प्रेरित करें। विधानसभा निर्वाचन की तरह ही लोकसभा में भी मतदान प्रतिशत बढ़ाए। डीईओ डॉ. मिश्रा ने मतदाताओं को मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई। इस दौरान जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा, एसडीएम व एआरओ श्री कमल सिंह सिंहसार, तहसीलदार व महाविद्यालय प्राचार्य सहित स्टॉफ मौजूद रहा।

### बालाघाट नगर में भाजयुमो की युवा चौपाल

# 18 वर्ष के युवा, 18 वीं लोकसभा में मतदान रूपी दें आहुतिः जैनेन्द्र कटरे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को बालाघाट नगर के शक्ति केंद्र क्रमांक 02 भटेरा चौकी में युवा चौपाल आयोजित की गई। जहां युवाओं को भाजपा सरकार की युवाओं पर आधारित योजनाओं को साझा किया गया। वहीं युवाओं के मान, सम्मान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अविस्मरणीय कार्यों को युवाजनों तक पहुंचाने की बात कही गई। चौपाल में उपस्थित युवाओं ने आत्मनिर्भर युवा, स्वावलंबी युवा को लेकर मोदी सरकार की भूरि_भूरि प्रशंसा की। साथ ही मोदी सरकार की युवा कल्याण की गारंटी को घर-घर तक पहुंचाने का जनसंकल्प लिया। साथ ही घर-घर जाकर भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने मोदी जी की राम-राम, अबकी बार 400 पार, फिर भाजपा, फिर मोदी सरकार का आग्रह किया। युवा चौपाल में भाजयुमो जिला महामंत्री संजू ब्रह्मे, जिला उपाध्यक्ष योगराज टेंभरे, प्रसन्न कांकरिया, मोनिल जैन, नगरध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे, महामंत्री संजू वराडे, दिपक लिल्हारे, सिद्धार्थ बाजपेई, शशि, कैलाश बालचंदानी, रंजीत गोयल, राहुल कापसे, अमित मोटवानी, जय गिरि और विशाल, सहित युवा तरूणाई और भाजयुमो मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अपनी सहभागिता दी।




#### मोदी सरकार, युवाओं के भविष्य के लिए निर्णायक : जैनेन्द्र

चौपाल में भाजयुमो नगरध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा, आने वाली 19 अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके, पहली बार मतदान करने वाले युवा 18 वीं लोकसभा में अधिक से अधिक लोकतंत्र के महायज्ञ में अपनी मतदान रूपी आहुति दे। जैनेन्द्र आगे कहा, यह लोकसभा चुनाव देश और युवाओं के लिए अति महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनने वाली मोदी सरकार देश की अस्मिता और युवाओं के भविष्य के लिए निर्णायक निर्णय लेगी। इसी कड़ी में एक माला के रूप में हमारी अपनी भारती दीदी को अवसर देने की जरूरत है।